भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.722

जिसका उत्तर 21.11.2019 को दिया जाना है

फ़ास्टटैग के माध्यम से पथकर का संग्रहण

722. श्री शंकर लालवानीः

डॉ॰ भारतीबेन डी॰ श्यालः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश भर में 1 दिसम्बर, 2019 से केवल फ़ास्टटैग के माध्यम से पथकर संग्रहण किये जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का टोल प्लाजा पर लगने वाले लंबे यातायात-जाम को रोकने के लिए उक्त कार्यान्वयन की तारीख को आगे ना बढ़ाने और फ़ास्टटैग के माध्यम से टोल के सभी संग्रह को सुनिश्चित करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): निर्बाध आवाजाही और टोल प्लाजा पर भीड कम करने एवं डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने निर्णय लिया है कि 1 दिसंबर, 2019 से सड़क के दोनों तरफ एक लेन जिसे हाइब्रिड लेन के रूप में रखा जाएगा, को छोड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क प्लाजा में सभी लेन को शुल्क प्लाजा की 'फास्टैग लेन' के रूप में घोषित किया जाएगा।

*****